# दैनिक जागरण

21 अक्टूबर 2019

www.jagran.com






# डीपीएस आसनसोल को मिला प्रांत में 15वां स्थान

**जासं, आसनसोल :** सीबीएसई बोर्ड से संबद्ध को-एड स्कूलों में आसनसोल स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल ने बेहतर प्रदर्शन कर राज्य भर में 15 वां स्थान हासिल किया है। मालूम हो कि द एजुकेशन वर्ल्ड इण्डिया स्कूल रैंकिंग अवार्ड - 2019 ने देशभर के समस्त को-एड. डे स्कूलों को उनकी श्रेष्ठता के आधार पर श्रेणीबद्ध किया है। इसमें दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल को पश्चिम व पूर्व बर्दमान जिला के को-एड. डे स्कूलों में दूसरा स्थान हासिल हुआ है। प्रांतीय स्तर पर 15 वां व राष्ट्रीय स्तर पर 159 वें स्थान पर रहा। गत रविवार को हरियाणा के गुड़गांव में हुए पुरस्कार वितरण समारोह में प्रधानाचार्य आरडी शर्मा को ट्रॉफी व प्रशस्ति -पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य श्री शर्मा ने इस उपलब्धि को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इस




गुरुग्राम में संस्था के अधिकारी से प्रमाणपत्र प्राप्त करते प्राचार्य ● जागरण

सम्मान को प्राप्त करना हमारे लिए गौरव का विषय है। एक ही उद्देश्य को लेकर जब सभी एक दिशा में मिलकर प्रयास करते हैं तो सफलता निश्चय ही मिलती है। किसी भी सफलता के लिए अथक प्रयास और लगन की आवश्यकता होती है। ऐसे ही प्रयासों का फल आज हमें मिला है। इस उपलब्धि का श्रेय विद्यालय प्रबंधन समिति, अध्यापकगण, छात्रों तथा अभिभावकों को देते हुए स्कूल की प्रगति में योगदान देने वाले सभी को शुभकामनाएं दी।